The import of cables is restricted to types which are not being manufactured or are not manufactured in adequate quantities by the indigenous manufacturers.

Government have permitted manufacturers' to diversify into any "new article" upto 25% of the licensed capacity without a licence subject to certain conditions.

(c) No Sir.

कुछ राज्यों के विधायकों की 5वीं विचार गोष्ठी में विधान मंडलों के कृत्यों पर विचार-विमर्श

4961. **श्री मोलहू प्रसाद :** क्या **विधि** तथा **समाज कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश के विधायकों तथा दिल्ली महानगर परिषद् के पार्षदों की अक्तूबर, 1969 में हुई पांचवीं विचार-गोष्ठी में लोकतन्त्र में विधान मंडलों के कृत्यों पर विचार किया गया था ;

(ख) यदि हां, तो किस-किस विभाग के किन-किन लोगों ने उक्त विचार गोष्ठी में भाग लिया था और उनके पद-नाम तथा पते क्या हैं ;

(ग) इस विचार-गोष्ठी का आयोजन किस संस्था ने किया था और उस पर मदवार कितना-कितना खर्च हुआ; और

(घ) उक्त विचार गोष्ठी में व्यक्त किये गये मतों का ब्यौरा क्या है और किन-किन बातों पर मतैक्य रहा?

विधि तथा समाज कल्याण मन्त्रालय में उप-मंत्री (श्री मु० यूनस सलीम) : (क) से (घ). यह प्रश्न प्रत्यक्ष रूप से लोक सभा में प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियम के नियम 41 के उपनियम (2) के खण्ड (VII) और खण्ड (XVI) के क्षेत्र में आता है और इस लिए सरकार के पास इस विषय में कोई भी जानकारी नहीं है ।

अंधे तथा विकलांग बच्चों के लिए विश्व संगठनों द्वारा सहायता

4962. **श्री ओंकार लाल बेरवा :** क्या **विधि तथा समाज कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों ने अंधे तथा विकलांग बच्चों को सहायता देने के बारे में घोषणा की है ;

(ख) यदि हां, तो किन देशों ने उक्त घोषणा के बारे में सहमति प्रकट की है; और

(ग) इस सम्बन्ध में योजना की रूप रेखा क्या है ?

विधि मन्त्रालय और समाज कल्याण विभाग में राज्य मंत्री [डा० (श्रीमती) फूलरेणु गुह] : (क) ऐसी किसी घोषणा के बारे में हमें सूचना नहीं मिली है ।

(ख) और (ग). प्रश्न नहीं उठते ।

राउरकेला उर्वरक कारखाने में तैयार होने वाले उर्वरकों के अधिक मूल्य

4963. **श्री महाराज सिंह भारती :** क्या **इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राउरकेला उर्वरक के मूल्य हमेशा अधिक होते हैं क्योंकि नेफ्था बहुत दूर से लाना पड़ता है और वहां उसका मूल्य 120 रुपये की बजाय 250 रुपये प्रति मीटरी टन है और एक कारण यह भी है कि अमोनियम नाइट्रेट नम जलवायु के कारण पिंडरूप धारण कर लेता है और उर्वरक तैयार करने के बाद जो कच्चा माल बच जाता है उसका फिर से उपयोग नहीं किया जा सकता ; और

(ख) यदि हां, तो इस कारखाने को लाभ पर चलाने, नेफ्था को सस्ती दरों पर उपलब्ध कराने और नम जलवायु के अनुकूल कुछ